उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 लिखित परीक्षा का पुनः आयोजन

अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में अपलोड किये गये फोटोग्राफ के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना

संख्या–पीआरपीबी–एक–1(150)/2023 दिनांक–अगस्त 18 ,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 23, 24, 25 अगस्त तथा 30, 31 अगस्त, 2024 को प्रत्येक दिवस की दो पालियों में आयोजित की जायेगी।

2– उक्त भर्ती में आवेदन करने वाले कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र में अपलोड किये गये फोटोग्राफ अनुपयुक्त अथवा उनका स्वयं का न होने का तथ्य बोर्ड को संज्ञानित कराया जा रहा है।

3– इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका डिजिटल फोटोग्राफ परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर तथा परीक्षा कक्ष में लिया जायेगा। यह फोटोग्राफ अन्य कोई कमी नहीं पाये जाने पर अन्त तक मान्य होगा। अतएव फोटोग्राफ के सम्बन्ध में संशय करने की आवश्यकता नहीं है।

4– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/ निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।